# बरघाट की पंचायतों में खरीद घोटाले पर नया मोड़

## निष्पक्ष जांच की उम्मीद : पैड मशीन, सोलर प्लांट, ओपन जिम और निर्माण सामग्री की खरीद में भारी अनियमितताओं के आरोप

**सिवनी नवभारत । बरघाट विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में कथित वित्तीय अनियमितताओं और शासकीय राशि के दुरुपयोग को लेकर नवभारत समाचार पत्र ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित करते हुए ध्यान आकर्षित करने का काम किया गया था लेकिन प्रकाशित समाचार के बाद भी अब तक संबंधित विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई या आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। जो इस समय पूरे क्षेत्र में एक अलग माहौल देखने को मिल रहा है.**

ग्रामीणों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों के बीच भी कई सवाल उठने लगे हैं। कि आखिरकार इतना बड़ा घोटाला होने के बावजूद भी शासन प्रशासन और जनप्रतिनिधि ने अभी तक कोई कदम क्यों नहीं उठाया है यहां तक की क्षेत्र के लोगों का कहना है कि कई ग्राम पंचायतों में ऐसे सोलर प्लांट लगाए गए हैं, जिनकी आवश्यकता और स्वीकृति को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। वहीं सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीनों की खरीदी का मामला भी अब नया मोड़ लेता दिखाई दे रहा है। स्थानीय स्तर पर यह आरोप लगाए जा रहे हैं कि जिन मशीनों की बाजार कीमत लगभग 12 से 15 हजार रुपये बताई जाती है, उनके नाम पर करीब 90 हजार रुपये तक के बिल लगाकर शासकीय राशि का भुगतान किया गया।

इसी प्रकार कुछ ग्राम पंचायतों में स्थापित ओपन जिम की लागत को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि वास्तविक लागत की तुलना में कहीं अधिक राशि का भुगतान किया गया, जिससे प्रति पंचायत लगभग दो से ढाई लाख रुपये तक की वित्तीय अनियमितता की आशंका जताई जा रही है। की ग्रामीणों का यह भी कहना है कि यदि पंचायतों में लोहा, रेत, सीमेंट, मिट्टी एवं अन्य निर्माण सामग्री के बिलों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं। आरोप है कि कई स्थानों पर आवश्यकता से अधिक अथवा वास्तविक कार्यों से मेल न खाने वाले बिल लगाकर शासकीय राशि का आहरण किया गया। जो नियम विरोध है इसकी जांच निष्पक्ष रूप से होती है तो निश्चित तौर पर बरघाट विधानसभा में ग्राम पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचारों पर लगाम लग सकती है और सूत्रों के अनुसार इस पूरे मामले में चार से पांच फर्मों के माध्यम से एक संगठित तरीके से सप्लाई और बिलिंग का कार्य किए जाने की चर्चा क्षेत्र में है। यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि यदि कोई सरपंच या सचिव इन मामलों पर आपत्ति दर्ज कराने या शिकायत करने का प्रयास करता है तो उस पर प्रशासनिक कार्रवाई अथवा तबादले का दबाव बनाए जाने की बातें सामने आती हैं।

सूत्रों का यह भी दावा है कि कई पंचायतों में नर्मदा ट्रेडर्स के नाम से जारी बिल देखने को मिल सकते हैं। प्रकरण का संचालन किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है, जबकि दस्तावेजों में किसी और का नाम सामने आता है। इसी कारण कई सरपंच और सचिव खुलकर सामने आने से बच रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र के नागरिकों ने शासन और संबंधित जांच एजेंसियों से मांग की है कि पंचायतों में हुई खरीद, भुगतान, निविदा प्रक्रिया, सामग्री की गुणवत्ता और वास्तविक कार्यों का उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए।

यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कर शासकीय राशि की वसूली सुनिश्चित की जाए। और इस तरह के हो रहे घोटालों पर अंकुश लगाने का प्रयास शासन प्रशासन को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही की जाए ताकि इस तरह का सरकारी राशि का दुरुपयोग कोई ना कर सके ।





### ग्राम पंचायतों में करोड़ों की खरीदी बना चर्चा का विषय

**बरघाट विधानसभा की पंचायतों में हुई है खरीदी**

सौर ऊर्जा, फर्नीचर और अन्य सामग्री की सप्लाई में भारी अनियमितताओं के आरोप

सिवनी नवभारत। बरघाट विधानसभा क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायतों में करोड़ों रुपये की शासकीय खरीदी को लेकर गंभीर चर्चा जोरों पर है। क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि ग्राम पंचायतों में सौर ऊर्जा ( सोलर पैनल ), फर्नीचर एवं अन्य



**शासकीय धन का दुरूपयोग, जांच की मांग**

मामले को लेकर यह अपेक्षा की जा रही है कि शासन-प्रशासन, संबंधित विभाग, जनप्रतिनिधि तथा विपक्ष सभी निष्पक्ष जांच की मांग करेंगे और यदि वित्तीय अनियमितता सामने आती है तो दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पंचायतों में विकास कार्यों के नाम पर होने वाले व्यय की पारदर्शिता बनाए रखना शासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और यदि सार्वजनिक धन का दुरुपयोग हुआ है तो इसकी जवाबदेही भी तय होना आवश्यक है। और पूरे बरघाट क्षेत्र में अब लोगों की निगाहें इस बात पर टिकी है कि क्या इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी, खरीदी से जुड़े दस्तावेज, निविदा प्रक्रिया, भुगतान अभिलेख और सामग्री की गुणवत्ता की स्वतंत्र जांच होगी या मामला केवल चर्चाओं तक सीमित रह जाएगा। यदि आरोपों में सच्चाई पाई जाती है तो यह पंचायत स्तर पर वित्तीय प्रबंधन और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करेगा। और अब इसके बाद खबर प्रकाशित होने के बाद शासन प्रशासन इस मामले पर किस तरह संज्ञान लेती है ताकि मामला सामने आ सके और किसका राजनीतिक संरक्षण है जिसके चलते यह खेल खेला जा रहा है आखिर कौन है इसके पीछे?

बनाकर बिलों पर हस्ताक्षर कराने का प्रयास किया गया, जबकि सामग्री की वास्तविक कीमत और बिलों में दर्शाई गई राशि के बीच भारी अंतर बताया जा रहा है। यदि इसकी निष्पक्ष जांच होती है तो करोड़ों रुपये के शासकीय धन के

निगरानी व्यवस्था कहां थी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा समय पर निरीक्षण क्यों नहीं किया गया और वित्तीय नियमों का पालन

**राजनैतिक संरक्षण तो नहीं**

क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि इस पूरे मामले में राजनीतिक संरक्षण की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। यदि वास्तव में किसी प्रभावशाली व्यक्ति या

### निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होग : कलेक्टर

कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में जब सोमवार को जिले के विभिन्न निर्माण विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी और । बैठक में लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, आदिम जाति कार्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग सहित अन्य निर्माण कार्य कराने वाले विभागों द्वारा संचालित निर्माणाधीन एवं पूर्ण कार्यों की विभागवार समीक्षा की गई। और कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिसमें बैठक में कलेक्टर मीना ने विशेष रूप से जिले में निर्माणाधीन छात्रावासों, स्कूल भवनों एवं आश्रमों की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन भवनों का निर्माण पूर्ण हो चुका है, उन्हें आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर शीघ्र संबंधित विभागों को हस्तांतरित किया जाए, ताकि उनका उपयोग समय पर प्रारंभ हो सके और विद्यार्थियों सहित हितग्राहियों को इनका लाभ मिल सके। जिन कार्यों की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है, उनमें अतिरिक्त प्रयास कर निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए ।बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंजली शाह सहित लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं अन्य निर्माण विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित एवं उपयोगी होना चाहिए तथा निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। अब इस निर्देश का पालन कैसे होता है यह देखना होगा.





## शौर्य चौक पर 2000 से अधिक लोगों ने बनाई मानव श्रृंखला, ली नशामुक्ति की शपथ

**मानव श्रृंखला बनाकर दिया जागरूकता का संदेश**

**सिवनी नवभारत।** मध्यप्रदेश शासन के नशे से दूरी, है ज़रूरी 2.0 अभियान के तहत सोमवार को शौर्य चौक स्थित टैंक टी-55 के समक्ष विशाल मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 2000 से अधिक छात्र-छात्राओं, पुलिस अधिकारियों, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों ने भाग लेकर नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में नगर पुलिस अधीक्षक चंचलेश मरकाम, थाना प्रभारी लखनवाड़ा चंद्र किशोर सिरामे, थाना प्रभारी डूंडा सिवनी सी.एस. उइके, थाना प्रभारी अजाक अनंती मर्सकोले, प्रभारी नियंत्रण कक्ष निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे, महिला थाना प्रभारी संदीपिका ठाकुर, यातायात प्रभारी विजय बघेल तथा सूबेदार जितेंद्र रावतकर सहित जिले के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही मातृशक्ति संगठन, मार्गिक फाउंडेशन तथा विभिन्न स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए।

इस दौरान शौर्य चौक से शौर्य पथ तक मानव श्रृंखला बनाकर नशे के खिलाफ जनजागरूकता का संदेश दिया गया। उपस्थित लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए मानस हेल्पलाइन 1933 और नशामुक्ति हेल्पलाइन 14446 के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

### एक नजर में



#### कौमी एकता कमेटी ने चिकित्सालय में स्वच्छता का संदेश दिया

सिवनी। सोमवार को मुख्य जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पंकज दुबे की उपस्थिति में जिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों में कौमी एकता कमेटी के पदाधिकारियों ने मरीजों एवं उनके परिजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कमेटी के अध्यक्ष असलम बाबा ने बताया कि साफ-सुथरा रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। कृपया इधर-उधर न थूकें और अस्पताल परिसर में गंदगी न फैलाएं। यदि हम स्वच्छता बनाए रखेंगे तो शीघ्र स्वस्थ होकर अपने घर लौट सकेंगे। कमेटी के सचिव विनोद यादव ने कहा कि हम समय-समय पर मरीजों एवं परिजनों के बीच उपस्थित होकर उन्हें जागरूक करते हैं। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. पंकज दुबे ने कमेटी के साथ वार्डों का भ्रमण किया। उन्होंने मरीजों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं.

#### 16 वर्षीय बालिका का फांसी के फंदे पर मिला शव

छपारा। विकासखंड के ग्राम लुडगी में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहाँ 16 वर्षीय बालिका का शव उसके ही घर में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। इस घटना के बाद से गांव और आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार 19 जुलाई को छपारा नगर से लगभग 9 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम लुडगी निवासी अंजलि भारती (16 वर्ष), पिता रामू भारती का शव सोमवार को परिजनों ने घर के कमरे में गमछे से गले में फंदा लगा लटका हुआ देखा। घटना की खबर तुरंत छपारा पुलिस थाना को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर छपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

## अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद का संगठन हुआ मजबूत, जिला कार्यकारिणी का विस्तार





सिवनी। अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल, राष्ट्रीय महिला परिषद ओजस्विनी एवं अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद अधिवक्ता मंच की सिवनी जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विभिन्न पदों पर नई नियुक्तियों की घोषणा की गई है। नवगठित कार्यकारिणी को संगठन विस्तार, सेवा कार्यों, 25 लाख घर संपर्क महाअभियान, श्री हनुमान चालीसा केंद्रों के संचालन तथा राष्ट्र जागरण के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद, सिवनी की नवीन जिला कार्यकारिणी में राजकुमार रजक , अमन बघेल को जिला उपाध्यक्ष, विक्रम बघेल को जिला मंत्री, महेंद्र बघेल, रविन्द्र बघेल , अभिषेक बघेल को जिला सहमंत्री तथा शरद दुबे को जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार राष्ट्रीय बजरंग दल, सिवनी की जिला कार्यकारिणी में शुभम बघेल पवन अहिरवार जिला उपाध्यक्ष जिला मंत्री, सुजल बघेल, नरेश बघेल एवं संतोष सनोडिया , हर्षित बघेल को जिला सहमंत्री, सिद्धांत बघेल को जिला सह मंत्री तथा राकेश मालवीय को जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख , केशव राय ब्लॉक उपाध्यक्ष धनोरा एवं बसंत यादव ब्लाक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

राष्ट्रीय महिला परिषद ओजस्विनी, सिवनी की कार्यकारिणी में सीमा गढ़पायले को जिला अध्यक्ष, किरण सतसाई को जिला मंत्री तथा वर्षा डोंगरे को जिला सहमंत्री नियुक्त किया गया है। वहीं अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद अधिवक्ता मंच, सिवनी की जिला कार्यकारिणी में श्रीराम बघेल को अध्यक्ष, आशीष सोलंकी को कार्य अध्यक्ष , आशा गौतम को उपाध्यक्ष, आशा मेश्राम को उपाध्यक्ष तथा मीता वड़ीवा को मंत्री बनाया गया है। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता संगठन की विचारधारा के अनुरूप समाज सेवा, राष्ट्र जागरण, सांस्कृतिक संरक्षण एवं सामाजिक समरसता के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। आगामी 25 लाख घर संपर्क महाअभियान, श्री हनुमान चालीसा केंद्र स्थापना अभियान, सेवा प्रकल्पों एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों को प्रत्येक गांव और नगर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

इस अवसर पर इंडिया हेल्थ लाइन के राष्ट्रीय मंत्री बेटू चंदेल, एएचपी के प्रांतीय अध्यक्ष अभिषेक मालू , राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष स्वराज सिंह बघेल, अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद की प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष प्रीति धंधरिया, विंध्य क्षेत्र अध्यक्ष संजय त्रिपाठी, प्रांत महामंत्री अशोक सोनी, अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद सिवनी के जिला अध्यक्ष रोहित सक्सेना तथा जिला महामंत्री राजेश बघेल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया।

जिला अध्यक्ष रोहित सक्सेना ने कहा कि संगठन का लक्ष्य प्रत्येक गांव और प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर राष्ट्रभक्ति, सामाजिक समरसता, सेवा एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त बनाना है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संगठन द्वारा चलाए जा रहे अभियानों में पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने तथा अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष रोहित सक्सेना के अथक प्रयासों और सक्रिय नेतृत्व के कारण संगठन को जिले में नई मजबूती मिली है। उनके मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में नए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां देकर जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। इससे संगठन की कार्यक्षमता बढ़ेगी तथा सेवा, संगठन विस्तार और राष्ट्र जागरण के अभियान गांव-गांव और घर-घर तक अधिक प्रभावी ढंग से पहुंच सकेंगे।

## एकत्व महिला परिषद ने कन्या आश्रम में 51 बच्चों को किए छाते वितरित



**सिवनी नवभारत।** एकत्व महिला परिषद द्वारा सुंदरी संभाग के तत्वाधान में रानी दुर्गावती आदिवासी कन्या आश्रम इंग्लिश मीडियम शाला चुना भट्टी बरघाट रोड सिवनी के 51 बच्चों को बारिश से राहत दिलाने के लिए छत्ते का वितरण किया गया इस दौरान परिषद की सदस्यों द्वारा शिक्षकों का सम्मान एवं बच्चों को पौष्टिक आकर भी कराया गया जनसंपर्क अधिकारी श्रीमती अंजलि जैन के मार्गदर्शन में एकत्व महिला परिषद की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति जैन सचिव पूर्वी जैन कोषाध्यक्ष नीलम जैन, अनीता दिवाकर, सुमन जैन, सुधा बाझल, नीलू जैन, रोशनी जैन, दीप्ति जैन ,सहित वरिष्ठ सदस्यों में नीलम बाझल ,अनीता दिवाकर, सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे इस दौरान कन्या आश्रम इंग्लिश मीडियम चुना भट्टी के प्रधान पाठक शुभ्रां सोनकेसरिया शिक्षिका अनीता दुबे ,रश्मि पडवार, शोभा वाडिवा ,लक्ष्मी शर्मा, एवं कुरेशी मैडम शामिल हुई। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त श्रीमती रोशनी जैन द्वारा किया गया इस दौरान उन्होंने बताया कि एकत्व महिला परिषद सिवनी पीडित जनों के बीच कार्य करती है तथा लोगों को संदेश देती है कि मानव सेवा ही जन सेवा है और यह कार्य किसी भेदभाव के कहीं भी किया जा सकता है वर्तमान में परिषद की अध्यक्ष स्वामी जैन स्वाति जैन पूर्वी,नीलम जैन सहित समस्त सदस्यों द्वारा किस क्षेत्र में कार्य किया जा रहे हैं

## जल संरक्षण, नशामुक्ति और उच्च शिक्षा को लेकर बनी कार्ययोजना

**सिवनी।** ग्राम पंचायत खुर्सीपार में शनिवार को सेक्टर स्तरीय बैठक का सफल आयोजन किया गया। विकासखंड समन्वयक श्रीमती रीता वर्मा श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुई इस बैठक में सामाजिक विकास, उच्च शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा और आगामी कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक के दौरान युवाओं को उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए मास्टर ऑफ सोशल पाठ्यक्रमों में नए प्रवेश को लेकर रणनीति बनाई गई। उपस्थित समिति के सदस्यों ने ग्रामीण युवाओं को इस कोर्स के माध्यम से समाज सेवा और करियर निर्माण के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही, क्षेत्र के चहुंमुखी विकास में प्रस्फुटन समितियों की सक्रियता और जन-भागीदारी बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। विकासखंड समन्वयक श्रीमती रीता वर्मा श्रीवास्तव ने उपस्थित सदस्यों को जल संरक्षण, स्वच्छता और नशामुक्ति जैसे गंभीर विषयों पर चर्चा की।

## श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा महारानी की रथयात्रा 22 को

**सिवनी नवभारत।** अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) सिवनी द्वारा भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा महारानी की भव्य रथयात्रा का आयोजन 22 जुलाई बुधवार को किया जा रहा है। यह भव्य आध्यात्मिक आयोजन नगरवासियों एवं कृष्ण भक्तों के सहयोग से उत्साहपूर्वक संपन्न होगा।

रथयात्रा का शुभारंभ दोपहर 1:00 बजे छिंदवाड़ा चौक, सिवनी से होगा। भगवान श्री जगन्नाथ के सुसज्जित रथ के साथ श्रद्धालु हरिनाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन एवं नृत्य करते हुए नगर भ्रमण करेंगे। रथयात्रा के दौरान पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की विशेष व्यवस्था रहेगी, जिससे अधिक से अधिक लोग भगवान जगन्नाथ के महाप्रसाद का लाभ प्राप्त कर सकें। रथयात्रा के समापन स्थल राशि लान पर श्रद्धालुओं के लिए विशाल महाभंडारे का आयोजन किया गया है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर महाप्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है। इस्कॉन सिवनी ने समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अपने परिवार एवं मित्रों सहित इस ऐतिहासिक एवं भव्य रथयात्रा महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भगवान श्री जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करें तथा आयोजन को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

## बरघाट में संदिग्ध लोन एंट्री से हड़कंप, वैध पिकअप लोन के बीच क्रेडिट रिपोर्ट में 2 .60 लाख का दूसरा ऋण

**बरघाट (सिवनी) नवभारत।** सिवनी जिले की बरघाट तहसील से सामने आया एक मामला वित्तीय संस्थानों की ऋण स्वीकृति प्रक्रिया, केवाईसी सत्यापन व्यवस्था तथा क्रेडिट ब्यूरो में दर्ज होने वाले वित्तीय अभिलेखों की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता नजर आ रहा है। मामला उस समय प्रकाश में आया जब एक व्यक्ति ने अपनी क्रेडिट रिपोर्ट (सिबिल) की जांच की और उसमें पहले से चल रहे वैध वाहन ऋण के अतिरिक्त एक अन्य कमर्शियल व्हीकल लोन की एंट्री दर्ज पाई, जिसे उसने पूरी तरह फर्जी और संदिग्ध बताया है।

पीड़ित के अनुसार उसने पूर्व में श्रीराम फाइनेंस से एक पिकअप वाहन खरीदने के लिए विधिवत ऋण लिया था, जिसकी समस्त प्रक्रिया, दस्तावेज एवं किस्तों की जानकारी उसे है। किंतु हाल ही में प्राप्त क्रेडिट रिपोर्ट में 24 फरवरी 2026 की तिथि से 2,60,000 का एक अतिरिक्त कमर्शियल व्हीकल लोन प्रदर्शित हुआ, जिसने उसे आश्चर्यचकित कर दिया। रिपोर्ट में उक्त खाते के विरुद्ध लगभग 2,46,487 की बकाया राशि तथा 7,923 की ओवरड्यू ईएमआई भी दर्शाई गई है। संबंधित लोन संख्या/अकाउंट आईडी BARGT2602240007 / XX0007 अंकित है।

पीड़ित का स्पष्ट कहना है कि 24 फरवरी 2026 को उसने किसी भी प्रकार का नया वाहन ऋण नहीं लिया, न किसी ऋण आवेदन पर हस्ताक्षर किए, न कोई केवाईसी प्रक्रिया पूरी की और न ही उसके बैंक खाते में इस कथित ऋण की राशि प्राप्त हुई। ऐसे में उसकी क्रेडिट रिपोर्ट में उक्त ऋण की उपस्थिति कई प्रकार की शंकाओं को जन्म देती है।

यदि पीड़ित के दावे तथ्यात्मक रूप से सही सिद्ध होते हैं, तो यह मामला केवल एक गलत डेटा एंट्री तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वित्तीय प्रणाली में पहचान सत्यापन, दस्तावेज प्रमाणीकरण और ऋण वितरण की पूरी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े करेगा। यह जांच का विषय बन जाता है कि आखिर यह ऋण किस व्यक्ति के नाम पर स्वीकृत हुआ, किन दस्तावेजों के आधार पर स्वीकृति दी गई, संबंधित केवाईसी किसने सत्यापित की, ऋण की राशि किस बैंक खाते में स्थानांतरित हुई तथा उस ऋण से खरीदा गया वाहन वर्तमान में किसके नाम पंजीकृत है। वित्तीय विशेषज्ञों का मानना है कि किसी व्यक्ति की क्रेडिट रिपोर्ट में गलत अथवा विवादित ऋण की प्रविष्टि उसके सिबिल स्कोर को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है। इसके परिणामस्वरूप भविष्य में गृह ऋण, वाहन ऋण, व्यवसायिक ऋण अथवा अन्य बैंकिंग सुविधाओं के लिए आवेदन करने पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**निष्पक्ष एवं तकनीकी जांच की मांग**

पीड़ित ने संबंधित वित्तीय संस्था, क्रेडिट ब्यूरो तथा सक्षम प्रशासनिक अधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष, तकनीकी एवं दस्तावेजी जांच कराने की मांग की है। साथ ही यह भी आग्रह किया है कि यदि जांच में किसी प्रकार की त्रुटि, डेटा मिक्सिंग, फर्जीवाड़ा अथवा प्रक्रिया संबंधी अनियमितता सामने आती है तो विवादित लोन एंट्री को तत्काल क्रेडिट रिकॉर्ड से हटाकर दोषी व्यक्तियों अथवा जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। फिलहाल मामले की आधिकारिक पुष्टि अथवा संबंधित वित्तीय संस्था का पक्ष सामने आना शेष है।

### चिंतन

**सिवनी लोकसभा सीट की बहाली के लिए फिर उठी आवाज, सामाजिक कार्यकर्ता ने किया संघर्ष का आह्वान**

## कोई लौटा दे मेरा पूर्व सिवनी लोकसभा संसदीय क्षेत्र



**सिवनी नवभवारत।** सामाजिक कार्यकर्ता अकील अहमद ने सिवनी की ऐतिहासिक लोकसभा सीट को पुनः बहाल करने की मांग उठाते हुए कहा है कि जिले की अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां लंबे जनसंघर्ष का परिणाम रही हैं। उन्होंने कहा कि फोरलेन सडक् और बड़ी रेल लाइन जैसी परियोजनाएं भी वर्षों के संघर्ष के बाद सिवनी को मिल सकीं।

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मोगली की जन्मभूमि और पेंच नेशनल पार्क के लिए प्रसिद्ध सिवनी जिले का अपना गौरवशाली राजनीतिक इतिहास रहा है। पूर्व सिवनी लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व पंडित गार्गीशंकर मिश्रा, सुश्री विमला वर्मा, प्रहलाद पटेल, पंडित रामनरेश त्रिपाठी और श्रीमती नीता पटेरिया जैसे जनप्रतिनिधियों ने किया। इनमें पंडित गार्गीशंकर मिश्रा, सुश्री विमला वर्मा और प्रहलाद पटेल केंद्रीय मंत्री भी बने, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन किया।

अकील अहमद ने कहा कि अलग-अलग लोकसभा क्षेत्रों में जिले के विभाजन के कारण सिवनी की स्वतंत्र लोकसभा सीट समाप्त हो गई, जिससे जिले की राजनीतिक पहचान प्रभावित हुई। उनका कहना है कि आगामी परिसीमन की संभावनाओं को देखते हुए अभी से जिले के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों को एकजुट होकर सिवनी को पुनः स्वतंत्र लोकसभा सीट दिलाने अथवा पूरे जिले को एक ही लोकसभा क्षेत्र में शामिल करने की मांग उठानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार फोरलेन सडक् और बड़ी रेल लाइन के लिए किसानों, व्यापारियों, मजदूरों, छात्रों, पत्रकारों, कलाकारों और आम नागरिकों ने मिलकर संघर्ष किया था, उसी तरह अब सिवनी की राजनीतिक पहचान को पुनः स्थापित करने के लिए भी सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। अकील अहमद ने विश्वास व्यक्त किया कि शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक संघर्ष के माध्यम से सिवनी अपने गौरवशाली इतिहास और राजनीतिक पहचान को पुनः प्राप्त कर विकास की नई दिशा में आगे बढ़ सकता है।

**बहाली को लेकर हो चर्चा**

उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर अन्य क्षेत्रों को नए लोकसभा क्षेत्र बनाने की चर्चा हो रही है, जबकि कभी अस्तित्व में रही सिवनी लोकसभा सीट की बहाली को लेकर अपेक्षित चर्चा नहीं हो रही है। उन्होंने जिले के सभी वर्गों से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आगामी परिसीमन प्रक्रिया के दौरान भौगोलिक स्थिति और जनसंख्या से जुड़े मजबूत तथ्यों के साथ परिसीमन आयोग के समक्ष सिवनी की मांग रखने का आह्वान किया।

## भोंगाखेड़ा शाला में आयोजित हुई निबंध प्रतियोगिता





**सिवनी नवभारत।** शासकीय हाई स्कूल भोंगाखेड़ा में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर के हिस्सा लिया और जिन विद्यार्थियों ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया उन्हें संस्था की ओर से पुरस्कार वितरण किया गया ।1 तनु डेहरिया प्रथम 2.अनुज जांघेला द्वितीय 3,सिमरन पंचेश्वर तीसरा स्थान प्राप्त किया जिसमें सेवानिवृत्त प्राचार्य गणेश अग्रवाल ,संस्था प्राचार्य विपनेश जैन प्रधानपाठक संजय तिवारी, श्रीनिवास शर्मा एवं समस्त शिक्षक स्टाफ में वेदप्रकाश राय ,शोभा दुबे, मुरलीधर राहांगडाले, हेमराज शरणागत,वीणा तिवारी ,पारुल दुबे श्रद्धा साहू ,की उपस्थिति रही ।


**निविदा सूचना**

सेवा. सहकारी समीती पां. छपारा पं. क्र. 57, सरेखा कला पं. क्रं.94, उगली पं. क्रं. 70, मोहबर्रा पं. क्रं. 40

राषायनिक खाद ढुलाई हेतु परिवहन निविदा बुलाने विषयक..

समीती में रासायनिक खाद ढुलाई ( लोडिंग /अनलोडिंग ) डबल लाक से उगली गोदाम से समीती, पां. छपारा समीती गोदाम, सरेखा कला समीती गोदाम, और मोहबर्रा समीती गोदाम तक,उगली के गोदाम तक के लिये निजी परिवहन कर्ता/ परिवहन ऐजेंशी / परिवहन समुह / परिवहन सहकारी समीती से प्रति टन की दर से परिवहन की दर आमंत्रित करने निविदा खोलने एवं न्यूनतम दर की निवीदा को परिवहन कार्य देने के लिये समीती प्रबंधक को अधिकृत किया जाता है।

परिवहन कर्ता आज दिनांक से सात दिवस के अंदर समीती प्रबंधक से संपर्क कर सकते है।

सेवा सह. समीती पां. छपारा पं. क्र. -57, सरेखा कला पं. क्रं.-94,उगली पं. क्रं. -70, मोहबर्रा पं. क्रं.-40

शाखा प्रबंधक - पां. छपारा, सरेखा कला, उगली, मोहबर्रा